### स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत युवाओं ने लिया स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का संकल्प

# स्वच्छता में सहयोग भी देशभक्ति और जनसेवा है

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। स्वच्छता कार्य में सहयोग करना भी देशभक्ति और जनसेवा से जुड़ा काम है। यह बात रविवार को डीआरपी लाईन में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सौलंकी ने व्यक्त किए।

सौलंकी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है, अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक-से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ रतलाम शहर के निर्माण यह सही समय एवं अवसर है। इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन, स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, पर्वत हाड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु और बरखा ने भी संबोधित कर शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का संकल्प उपस्थित युवाओं को दिलाया।

### स्वच्छता सुपर स्टार सम्मानित हुए

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। जिनमें विनिता चौरासी, जयश्री झवेरिया, विध्या, रानी सेन, गायत्री खण्डेलवाल, पप्पूजी निसाद को सम्मान के रुप में इन्हे शील्ड व प्रमाणपत्र अतिथियों ने भेंट किए ।

### हर रविवार होगा आयोजन

इस प्रकार के आयोजन अप्रैल माह तक हर रविवार को करने के शासन ने आदेश जारी किए गए है। शनिवार देर रात इस संबंध में आदेश आने के बाद ताबड़तोड़ योजना बनाकर आयोजन किया गया पत्रिका 1-5

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नवभारत––पृष्ठ 10 दिनांक 15/02/2021

# रतलाम प्रदेश में विकसित शहर के नाम से जाना जाएगा : काश्यप

रतलाम। नगर के विकास में 1800 हेक्टेयर क्षेत्र को उद्योग के लिए स्वीकृत कराने व पांच साल के रोड़मेप की कई योजना स्वीकृत कराकर नगर को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के उपलक्ष्य में नगर विधायक चेतन्य काश्यप का

## ▸ स्टेशन रोड व्यापारी संघ ने किया विधायक का सम्मान



स्टेशन रोड़ व्यापारी संघ द्वारा साफा बांधकर कर शाल, श्रीफल व पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया।

अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में विधायक श्री काश्यप ने कहा यह सम्मान मेरा नही मेरे दायित्व का है। नगर से पांच किलोमीटर दूर यह 1800 हेक्टेयर का क्षेत्रफल भूगोलिक दृष्टि से संपूर्ण रतलाम नगर के क्षेत्रफल से भी ज्यादा बड़ा क्षेत्रफल है। मुख्यमंत्री जी से मिली स्वीकृती से यहां अठारह सौ करोड़ रूपये की लागत से विशाल उद्योगीक क्षेत्र बनेगा और इसमें अठारह हजार करोड़ रूपये लागत का निवेश संभावित है। मैं आने वाले समय में रोड़मेप तैयार कर नगर के विकास में चार चांद लगाने और रतलाम को विकसीत नगर के नाम से पहचान दिलाने में कोई कमी नही रहने दुंगा। नगर के विकास के लिए कभी कोइ कमी नही होगी। इस अवसर पर संघ के अमित जायसवाल, मनोहर पोरवाल, राजेन्द्रसिंह गोयल, राधावल्लभ खण्डेलवाल, सुरेश पापटवाल, रमेश चोईथानी, जय शर्मा, विपिन खिलोसिया, राजेन्द्र पोरवाल, कपिल शर्मा, विपिन पोरवाल, गोर्वधन सलूजा, नासीर कुरेशी, हरिश छजलानी, राकेश कुमावत, पारस जैन, भूरा दादभाई, गोपाल खण्डेलवाल, उमेश जसवानी, संजय फूलवानी, रमेश जसुजा, विजय परिहार सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे। नवभारत-15

# रतलाम को विकसित नगर के नाम से पहचान दिलाने में कोई कमी नही रहने दुंगा



C M Y K

प्रसारण न्यूज • रतलाम

नगर के विकास में 1800 हेक्टेयर क्षेत्र को उद्योग के लिए स्वीकृत कराने व पांच साल के रोड़मेप की कई योजना स्वीकृत कराकर नगर को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के उपलक्ष्य में नगर विधायक चेतन्य काश्यप का स्टेशन रोड़ व्यापारी संघ द्वारा साफा बांधकर कर शाल, श्रीफल व पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया।

अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में विधायक श्री काश्यप ने कहा यह सम्मान मेरा नही मेरे दायित्व का है। नगर से पांच किलोमीटर दूर यह 1800 हेक्टेयर का क्षेत्रफल भूगोलिक दृष्टि से संपूर्ण रतलाम नगर के क्षेत्रफल से भी ज्यादा बड़ा क्षेत्रफल है। मुख्यमंत्री जी से मिली स्वीकृती से यहां अठारह सौ करोड़ रूपये की लागत से विशाल उद्योगीक क्षेत्र बनेगा और इसमें अठारह हजार करोड़ रूपये लागत का निवेश संभावित है। मैं आने वाले समय में रोड़मेप तैयार कर नगर के विकास में चार चांद लगाने और रतलाम को विकसीत नगर के नाम से पहचान दिलाने में कोई कमी नही रहने दुंगा। नगर के विकास के लिए कभी कोई कमी नही होगी। इस अवसर पर संघ के अमित जायसवाल, मनोहर पोरवाल, राजेन्द्रसिंह गोयल, राधावल्लभ खण्डेलवाल, सुरेश पापटवाल, रमेश चोईथानी, जय शर्मा, विपिन खिलोसिया, राजेन्द्र पोरवाल, कपिल शर्मा, विपिन पोरवाल, गोर्वधन सलूजा, नासीर कुरेशी, हरिश छजलानी, राकेश कुमावत, पारस जैन, भूरा दादभाई, गोपाल खण्डेलवाल, उमेश जसवानी, संजय फूलवानी, रमेश जसुजा, विजय परिहार सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।

प्रसारण-15

# बच्चे स्वच्छता के प्रति परिवार को जागरुक करें

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत आंनद कॉलोनी स्थित नवीन कन्या स्कूल में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन, बच्चों ने उत्साह से विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



शहर में साफ -सफाई बड़ी चुनौती है, क्योंकि इसी से गंभीर बीमारियां फैलती है और इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों पर ही पड़ता है। विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बच्चों के स्वास्थ्य और उनके शारीरिक, मानसिक विकास के लिए बाल स्वच्छता को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है, लेकिन दुर्भाग्य से 14 साल की उम्र के बच्चों में से 20 फीसदी से अधिक बच्चे असुरक्षित पानी, अपर्याप्त स्वच्छता या अपर्याप्त सफाई के कारण या तो बीमार रहते हैं या मौत का शिकार हो जाते हैं। इसी तरह सफाई के अभाव के कारण डायरिया से होने वाली मौतों में पांच साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। ऐसे में स्वच्छता के प्रति सभी सार्थक रहे और विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राएं अपने परिवार व समाज को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

उक्त विचार नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शनिवार को आंनद कालोनी स्थित नवीन कन्या स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरूकता शिविर के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर श्री झारिया ने बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरक बातें भी समझाई।

कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त निशिकांत शुक्ला ने कहा कि गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। इसलिए साफ-सफाई का जीवन में खास महत्व है। चूंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार उत्पन्न होते हैं। इसलिए हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप खुद जागरूक होने के साथ ही अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाहरी सफाई के साथ ही मन की सफाई भी काफी जरूरी है। इसलिए अपने परिवार के अलावा समाज के भी कल्याण की कामना करें। तभी समाज व देश में खुशहाली व स्वच्छता फैलेगी। स्कूल प्राचार्य ममता अग्रवाल ने स्वच्छता लाओ जीवन बचाओ का नारा देते हुए कहा कि जब तक समाज का प्रत्येक व्यक्ति जागरूक नहीं होगा तब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा। लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में बच्चों का खास महत्व है। यदि बच्चे जागरूक होंगे तो परिवार भी जागरूक होगा।



## स्पर्धा में सुनैना और आराधना ने बाज़ी मारी

स्वच्छता जागरूकता शिविर के दौरान स्कूली छात्राओं ने रांगोली, मेहंदी, चित्रकला, निबंध सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यहां आयोजित निबंध प्रतियोगिता में, जारा खान, पायल कुमावत और शगुफ्ता खान तो पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह रांगोली प्रतियोगिता में आराधना, करिश्मा, ज्योति और शगुफ्ता खान को पुरुस्कृत किया गया। चेयर रेस में सुनेना, पायल और बारकु ने बाजी मारी है। मेहंदी प्रतियोगिता में नोशिना, चंचल और निखत को पुरुस्कृत किया गया। **यह रहे निर्णायक-** स्वच्छता जागरूकता शिविर में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के निर्णायक श्रीमती कनाड़े, श्रीमती रेखा अग्रवाल, करूणा मेम, रेखा मेहता, श्रीमति जिम्योरिया मेम, श्रीमती ताहेरा खान, श्रीमती अनिता अलेक्जेण्डर, असरा सिद्दकी, श्रीमती माना मेम रहे।

प्रसारण 15-2

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 11 दिनांक 15/02/2021

# रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति द्वारा 16 को वाहन रैली का आयोजन

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मध्यभारत के गौरवशाली शहरों में रतलाम (रत्नपुरी) का नाम बड़े ही गौरव से लिया जाता है। हम सौभाग्यशाली है कि हमारी पहचान रतलामवासी के रुप में होती है। हमारे नगर, रतलाम की स्थापना बसंत पंचमी के पावन दिन पर हुई थी। रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति प्रतिवर्ष जय रतलाम वाहन रैली का आयोजन कर हमारे नगर का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से नगरवासियों के साथ मनाती आ रही है।

रत्नपुरी स्थापना समिति के संरक्षक पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रतलाम स्थापना दिवस के अवसर पर 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे महलवाड़ा से की विशाल वाहन रैली जय रतलाम के उद्घोष एवं गीत के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। रैली के रुप में नगर निगम चौराहा पहुंचकर वहां स्थापित महाराजा रतनसिंहजी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा।

रैली महलवाड़ा से डालूमोदी बाजार, माणक चौक, घांस बाजार, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, बजाज खाना, गणेश देवरी, रानी जी का मंदिर, शहर सराय, गायत्री टॉकीज रोड, सैलाना बस स्टैंड से जीपीओ, बाल चिकित्सालय से लोकेन्द्र टॉकीज, शहर सराय, अम्बा गली से कॉलेज रोड, नगर निगम चौराहा से महाराजा रतनसिंह जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महलवाड़ा पर समापन होगा।

रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति के महेन्द्र कोठारी, बजरंग पुरोहित, अशोक चौटाला, ललित कोठारी, प्रदीप उपाध्याय, महेन्द्र गादिया, पवन सोमानी, दिनेश पोरवाल, राजेन्द्र राठौर, सुरेन्द्र जोशी मुन्ना, अशोक जैन लाला, मोहन मुरलीवाला, गोपाल सोलंकी, मनीष शर्मा, यतेन्द्र भारद्वाज, शुभम चौहान, प्रभु नेका, दिलीप गांधी राजेन्द्र मौर्य, राजेश मुणत, राकेश पीपाड़ा, मधु शिरोड़कर, धर्मेन्द्र अग्रवाल, संजय आंचलिया, पंकज ओझा, प्रभात सुराना, तपन शर्मा, रामबाबू शर्मा, कमल जैन, किशोर बिजरावत, गोपाल सोनी, महेश सोलंकी, कन्हैयालाल डगवाल; संदीप यादव, डॉ. ईश्वर बोराना, महेन्द्र भरकुन्दिया, गोपाल परमार, नीरज परमार, सुदीप पटेल, विनोद राठौर, राजेश-पवन शर्मा, राजेश पाण्डे, राजेश कटारिया, इरशाद मंसूरी, ईश्वर पांचाल, अरुण चौरड़िया, निर्मल मालवीय, आशीष डागा, गोपाल राठी, नवदीप शर्मा, विजय पासा, तोलीराम शर्मा, नरेन्द्र कावड़िया, कमलेश टॉक, देवेन्द्र टटावत, मनीष वैद, राजेश पांचाल, महेरबानसिंग, सुन्दर वर्मा, अशु चनाल, मनोज यादव, महेश माहेश्वरी, श्रेणिक जैन, कनिष्क कुमावत, रंजीत राठौर, अशोक चौहान, आशुतोष चौहान, चेतन पावेचा, शैलेन्द्र चौहान आदि ने अपील की है कि स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपनी गौरवमयी उपस्थिति प्रदान कर रतलाम के जन्मोत्सव को प्रभावी एवं जीवंत बनाएं।

# गंदगी मिली, तीन वार्ड दरोगा, एक ड्राइवर को नोटिस दिया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई होने के बाद भी निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर रविवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने चार लोगों पर नोटिस जारी किया है। इनमें तीन वार्ड दरोगा और एक कचरा कलेक्शन वाहन का ड्राइवर है।

पोलोग्राउंड क्षेत्र में गंदगी मिलने पर दरोगा अमर चौहान, ठंकाला रोड क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर वार्ड दरोगा राकेश लड्डू, महू रोड बस स्टैंड क्षेत्र में गंदगी मिलने पर विजय भाटी और चालक वसीम पर कार्रवाई हुई। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर इनका एक दिन का वेतन काटा जाएगा। आयुक्त झारिया ने सफाई अमले को चेतावनी दी कि कार्रवाई के बाद भी वार्डों में ठीक से सफाई नहीं मिली तो संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

भास्कर 1-15

## मतदाता सूची पर आपति का आज अंतिम दिन

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम में आठ फरवरी को सूची जारी होने के बाद सोमवार को दावे–आपत्ति का अंतिम दिन है। दोनों दलों की ओर से सोमवार को वार्ड वार आपत्तियां लगा जाएंगी। कांग्रेस की रायशुमारी में भी नेताओं ने मतदाता सूची में विसंगतियों को चि–ि त कर आपत्ति दर्ज कराने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने के लिए कहा। निगम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष यास्मीन शेरानी ने बताया कि सोमवार को आपत्ति दर्ज करवाएंगे।

महिलाएं भी बड़ी संख्या में पहुंची। पुरुषों से ज्यादा महिलाएं ज्यादा दिखी और अपनी दावेदारी मजबूत की। दावेदारों में पूर्व पार्षदों सहित वर्तमान पार्षद, संगठन के अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहे।

## पीएम आवास : एक लाख को मिलेगी गृह-प्रवेश की सौगात

**भोपाल @ पत्रिका.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सीएम शिवराज सिंह चौहान 16 फरवरी को पीएम आवास योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के एक लाख हितग्राहियों को उनके नए आवास में गृह-प्रवेश करवाएंगे। महोत्सव का वर्चुअल कार्यक्रम मिन्टो हॉल में सुबह 11 बजे से होगा। गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम में मंत्री शाह एवं सीएम हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत इतनी बड़ी संख्या में गृह-प्रवेश कराए जाने का यह दूसरा बड़ा आयोजन है। इससे पूर्व 12 सितम्बर 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के 2 लाख हितग्राहियों को गृह-प्रवेश कराया था।

पत्रिका 1-15

# वार्ड 34 में गड्ढों से रहवासी परेशान, सड़क निर्माण की मांग

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। वार्ड नंबर-34 टीआइटी रोड क्षेत्र के अंदर की सड़कों को स्टेशन रोड से जोड़ने वाली प्रमुख मकड़ावन वाली गली की सड़क लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। इस मार्ग से टीआइटी रोड आसपास के क्षेत्र नागरिकों का अपने वाहनो व पैदल निरंतर आवागमन बना रहता है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण रहवासी व अन्य पैदल आवाजाही करने वाले नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। सीवरेज की खोदाई के कारण ओर इस सड़क हालत खराब हो गई है।



टीआइटी रोड क्षेत्र की सड़क पर जगह–जगह बड़े–बडे गड्ढे हो गए है।

क्षेत्र के नागरिकों द्वारा पिछले कई दिनों से सड़क को सीमेंटेड रोड बनाने मांग लगातार की जा रही है। इस पर निगम द्वारा गत दिवस लगभग 25 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर-34 की सड़कों पर लगभग 25 लाख की लागत से डामरीकरण करने के लिए कार्य की स्वीकृति हुई थी। इसमें वार्ड नंबर-34 की कुछ सड़कों पर डामरीकरण के साथ मकड़ावन वाली गली की रोड व राज बॉक्स वाली गली की रोड भी प्रमुख रूप से शामिल थी। निगम ने वार्ड की कुछ सड़कों पर तो डामरीकरण करवा दिया है, लेकिन मकड़ावन वाली गली व राज बॉक्स वाली सड़क का डामरीकरण आज तक नही हुआ है। इससे क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। समाजसेवी मांगीलाल जैन ने क्षेत्र के रहवासी राजेंद्र गेहलोत, बाबूलाल मेहता, मनमोहन शर्मा, हेमंत भाई, गोपाल मेहता, गुणमाला, मालती जैन, पिंकी चौहान, निशा गड़वाल आदि क्षेत्र के नागरिकों के साथ कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को पत्र लिखकर मकड़ावन वाली गली की रोड व राज बॉक्स वाली सड़क को शीघ्र सीमेंटेट रोड बनाने की मांग की है। साथ ही शीघ्र रोड नहीं बनने पर क्षेत्रवासियों के साथ चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी गई।

नईदुनिया

## दो बत्ती क्षेत्र में 8 व्यापारियों पर हुआ जुर्माना

रतलाम। नगर के सब्जी, फल-फ्रुट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है। ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दो बत्ती क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत सुदर्शन पर 200, गणपतराम, देवेन्द्र, गोविन्द, संतोष, विशाल, मंगल व रिंकू पर 100–100 रूपये का जुर्माना किया गया।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियो मे कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वार्डो की समुचित साफ–सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ–सफाई नही पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

## कचरा पात्र नहीं रखने पर अब फुटकर विक्रेताओं पर भी होगा जुर्माना

रतलाम। नगर को साफ–स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है, किन्तु नगर के सब्जी, फल–फ्रुट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है, ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कालिका माता क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नही रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत चाणोदिया मटका कुल्फी, राहुल वाघेला, राज माहेश्वरी व शर्मा पाव–भाजी पर 250–250 रूपए का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में ना फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाईश दी गई।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो मे गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियो में कचरा पाये जाने पर संबंधितो को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो मे साफ सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

## कचरा पात्र नहीं रखने पर अब फुटकर विक्रेताओं पर भी होगा जुर्माना

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम द्वारा नगर के नागरिकों, दुकानदारों आदि से कचरा संग्रहण हेतु कचरा पात्र रखने की अपील के बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है किन्तु नगर के सब्जी, फल-फ्रुट सहित अन्य सामग्री के फुटकर विक्रेताओं द्वारा कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाई जा रही है ऐसे फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कालिका माता क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के तहत चाणोदिया मटका कुल्फी, राहूल वाघेला, राज माहेश्वरी व शर्मा पाव-भाजी पर 250-250 रूपये का जुर्माना कर कचरा खुले में ना फेंकने एवं कचरा पात्र रखने की समझाईश दी गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दे.भास्कर–पृष्ठ 07 दिनांक 15/02/2021

# हरमाला रोड पर फूटी पाइप लाइन, रोज पानी हो रहा बर्बाद



**रतलाम** | हरमाला रोड पर पानी की पाइप लाइन फूट गई है। सप्लाई के दौरान पानी बह रहा है। क्षेत्र के अशोक धभाई ने बताया एक सप्ताह से यही स्थिति है और पाइप लाइन लीकेज होने से पानी की बर्बादी हो रही है। नगर निगम को पाइप लाइन की मरम्मत करना चाहिए। आस्कर-15

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जाएगा

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 13 फरवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 656 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 13 फरवरी को दो बत्ती थाने के सामने व सैलाना रोड़ से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## 656 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों चौराहों को मवेशी मुक्त बनाए जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा, इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है।

शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ों का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है, वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है, तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जाएगी।

प्रसं 15/02/21

# रतलाम स्थापना दिवस पर निकलेगी वाहन रैली

रतलाम। रत्नपुरी स्थापना समिति द्वारा वसंत पंचमी पर रतलाम का स्थापना धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति सरंक्षक व पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ने बताया कि 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे महलवाड़ा से वाहन रैली जय रतलाम के उद्घोष व गीत के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर नगर निगम चौराहा पर स्थापित महाराजा रतनसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ विसर्जित होगी।

रैली महलवाड़ा से डालूमोदी बाजार, माणक चौक, घास बाजार, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, बजाज खाना, गणेश देवरी, रानीजी का मंदिर, शहर सराय, गायत्री टॉकीज रोड, सैलाना बस स्टैंड, जीपीओ वाल चिकित्सालय, लोकेंद्र टाकीज, शहर सराय, अंडा गली से कालेज रोड, नगर निगम चौराहा पहुंचेगी। समिति के महेंद्र कोठारी, बजरंग पुरोहित, अशोक चौटाला, ललित कोठारी, प्रदीप उपाध्याय, महेंद्र गादिया, पवन सोमानी, दिनेश पोरवाल, राजेंद्र राठौर, सुरेंद्र जोशी मुन्ना, अशोक जैन लाला, मोहन मुरलीवाला, गोपाल सोलंकी, मनीष शर्मा, यतेंद्र भारद्वाज, शुभम चौहान, जयेश राठौड़ आदि ने नगरवासियों, सामाजिक संस्थाओं, खेल संगठन व परिवारजनों के साथ स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति द्वारा 16 फरवरी को वाहन रैली का आयोजन, होंगे कई आयोजन

रतलाम। मध्यभारत के गौरवशाली शहरों में रतलाम (रत्नपुरी) का नाम बडे ही गौरव से लिया जाता है। हम सौभाग्यशाली है कि हमारी पहचान रतलाम वासी के रुप में होती है । हमारे नगर, रतलाम की स्थापना बंसत पचमी के पावन दिन पर हुई थी। रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति प्रतिवर्ष जय रतलाम वाहन रैली का आयोजन कर हमारे नगर का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से नगरवासीयों के साथ मनाती आ रही है ।

रत्नपुरी स्थापना समिति के सरंक्षक पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ने बताया कि रतलाम स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे महलवाडा से की विशाल वाहन रैली जय रतलाम के उद्घोष एवं गीत के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। रैली के रुप में नगर निगम चौराहा पहुंचकर वहां स्थापित महाराजा रतनसिंह जी की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया जावेगा । रैली महलवाडा से डालूमोदी बाजार, माणक चौक, धास बाजार, चोमुखीप, चांदनी चौक, बजाज खाना गणेश देवरी, रानी जी का मंदिर, शहर सराय, गायत्री टॉकीज रोड, सैलाना बस स्टैंड से जीपीओ वाल चिकित्सालय से लोकेन्द्र टाकीज, सहर सराय, अण्डागली से कॉलेज रोड नगर निगम चोराहा से महाराजा रतनसिंह जी प्रतिमा पर माल्यर्पण कर महलवाडा, पर समापन होगा । रत्नपुरी स्थापना उत्सव समिति के महेन्द्र कोठारी, बजरंग पुरोहित,अशोक चौटाल, ललित कोठारी, प्रदीप उपाध्य, महेन्द्र गादिया , पवन सोमानी , दिनेश पोरवाल, राजेन्द्र राठौर, सुरेन्द्र जोशी मुन्ना, अशोक जैन लाला, मोहन मुरलीवाला, गोपाल सोलंक, मनीष शर्मा, यतेन्द्र भारद्वाज, शुभम चौहान, प्रभु नेका, दिलीप गांधी राजेन्द्र मोर्य, राजेश मुणत, राकेश पिपाड, मधु शिरोडकर, धमेन्द्र अग्रवाल, संजय आचलियाँ, पकंज ओझा, प्रभात सुराना, तपन शर्मा, रामबाबु शर्मा, कमल जैन, किशोर बिजरावत, गोपाल सोनी, महेश सोलंकी, कन्हैयालाल डगवाल, संदीप यादव, डॉ.ईश्वर बोराना, महेन्द्र भरकुन्दिया, गोपाल परमार, निरज परमार, सुदीप पटेल, विनोद राठौर, राजेश पवन शर्मा, राजेश पाण्डे, राजेश कटारीया, इरशाद मंसुरी, ईश्वर पांचाल, अरुण चौरडीयाँ, निर्मल मालवीय, आशीष डामा, गोपाल राठी, नवदीप शर्मा, विजय पासा, तोलीराम शर्मा, नरेन्द्र कावडिया, कमलेश टॉक, देवेन्द्र टटावत, मनीष वैद्य, राजेश पांचाल, महेरबानसिंग, सुन्दर वर्मा, अनु चनाल, मनोज यादव, महेश माहेश्वरी, श्रेणीक जैन, कनीष्क कुमावत, रंजीत राठौर, अशोक चौहान, आशुतोष चौहान, चेतन पावेचा, शैलेन्द्र चौहान आदि ने अपील की है कि स्थापना दिवस पर आयोजीत होने वाले कार्यक्रमों में अपनी गौरवमयी उपस्थिति प्रदान कर रतलाम के जन्मोत्सव को प्रभावी एवं जीवत बनायें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ 03 दिनांक 15/02/2021

# स्वच्छता के लिए अब हर रविवार होगा खास, निगम करेगा आयोजन

## स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 : मार्च में अंतिम सर्वे से पहले नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किए निर्देश

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में शहर को अव्वल रखने के लिए नगर निगम अब हर रविवार को स्वच्छता आधारित गतिविधियों को लेकर कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें लोगों को जागरूक करने के साथ ही कचरा संग्रहण, पृथक्कीकरण सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी दी जाएगी। प्रदेश की सभी निगमों, नगर पालिका, परिषदों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने दिए हैं।

जारी निर्देशों में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा फरवरी से अप्रैल माह तक विशेष साप्ताहिक अभियान स्वच्छता संकल्प देश का, हर रविवार विशेष सा क्रियान्वित किया जाना है। इसमें हर रविवार मेगा इवेंट कर इंटरनेट मीडिया, समाचार पत्रों, टीवी आदि माध्यम से प्रचार किया जाए। ज्यादा से ज्यादा लोगों को अभियान से जोड़कर गतिविधियों की जानकारी भी हर सप्ताह भारत सरकार के मेल आइडी पर भेजना होगी।

**फरवरी में यह गतिविधि होगी**

**तीसरा रविवार :** नागरिक आवासों को लक्षित करते हुए मोहल्लों, कालोनियों में लोगों से घरों पर भेंटकर निगम अधिकारी स्वच्छता से जुड़ी जानकारी देंगे। स्वच्छता में शहर की वर्तमान रैंकिंग की जानकारी देकर 2021 में नंबर वन बनाने के लिए अपील की जाएगा। स्रोत पर ही कचरे का पृथक्कीकरण कराने के लिए कालोनियों में प्रतियोगिता रख बेहतर प्रदर्शन वाले आवासीय संघ को सम्मानित किया जाएगा।

**चौथा रविवार :** घरों से निकलने वाले कचरे के निष्पादन के लिए निगम अधिकारियों, स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर द्वारा सार्वजनिक स्थानों, बाजारों में व्यापारिक संगठनों आदि के बीच कंपोस्टिंग का प्रदर्शन। नुक्कड़ नाटक, कठपुतली शो के माध्यम से संदेश।



पुलिस लाइन में छात्रा को सम्मानित करते हुए सहायक आयुक्त विकास सोलंकी। ●नईदुनिया

### जागरूकता लाने के लिए हर सप्ताह यह भी करेंगे

- निकायों में कालेज, स्कूल के विद्यार्थियों की कम से कम चार सप्ताह की इंटर्नशिप का आयोजन। सफल विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।
- स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, होर्डिंग, वाल पेंटिंग, स्थानीय ब्रांड एंबेसडर्स का चयन कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 व सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज से जोड़ना और प्रचार में मदद लेना।

### स्वच्छता के सुपर स्टारों को किया सम्मानित

माह के दूसरे रविवार की गतिविधि में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। इनमें विनीता बोरासी, जयश्री झवेरिया, दिव्या, रानी सेन, गायत्री खंडेलवाल, पप्पू निसाद को सम्मान के रूप में शील्ड व प्रमाणपत्र अतिथियों ने भेंट किए। डीआरपी लाइन में आयोजित स्वच्छता संकल्प देश का विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोलंकी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है, अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एमके जैन, स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, पर्वत हाड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु और बरखा ने भी संबोधित कर रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नंबर वन बनाने का संकल्प उपस्थित युवाओं को दिलाया।

### वार्ड में गंदगी मिली तो जोन प्रभारी, दरोगा और सफाई संरक्षक पर होगी कार्रवाई

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में शहर को नंबर वन बनाने के लिए निगम अमले की जिम्मेदारी तय कर कसावट की जा रही है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पोलोग्राउंड क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर वार्ड दरोगा अमर चौहान, ऊंकाला रोड क्षेत्र के लिए वार्ड दरोगा राकेश लड्डू, महू रोड बस स्टैंड क्षेत्र में गंदगी पाए जाने पर विजय भाटी व वसीम का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

**रंगोली निर्माण भी जारी**


इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली बनाकर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया।

#### तीन वार्ड दरोगा व एक ड्राइवर को नोटिस जारी

दो बत्ती क्षेत्र में आठ फुटकर व्यापारियों पर जुर्माना कचरा पात्र नहीं रखकर खुले में गंदगी फैलाने वाले फुटकर व्यापारियों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। दो बत्ती क्षेत्र के फुटकर व्यापारी द्वारा कचरा पात्र नहीं रखने व खुले में कचरा फेंकने पर सुदर्शन पर 200, गणपतराम, देवेंद्र, गोविंद, संतोष, विशाल, मंगल व रिंकू पर 100-100 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में कचरा खुले में नहीं फेंकने व अनिवार्य रूप से कचरा पात्र रखने की समझाइश दी गई।

# सफाई ना होने से ज्यादा बीमार होते हैं बच्चे, सभी सतर्क रहें और जागरुक करें

## कन्या स्कूल पहुंचे निगम कमिश्नर, समझाई स्वच्छता की जरुरत





रतलाम। शहर में साफ-सफाई बड़ी चुनौती है, क्योंकि इसी से गंभीर बीमारियां फैलती हैं और इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों पर ही पड़ता है। विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बच्चों के स्वास्थ्य और उनके शारीरिक, मानसिक विकास के लिए बाल स्वच्छता को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है, लेकिन दुर्भाग्य से 14 साल की उम्र के बच्चों में से 20 फीसदी से अधिक बच्चे असुरक्षित पानी, अपर्याप्त स्वच्छता या अपर्याप्त सफाई के कारण या तो बीमार रहते हैं या मौत का शिकार हो जाते हैं। इसी तरह सफाई के अभाव के कारण डायरिया से होने वाली मौतों में पांच साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। ऐसे में स्वच्छता के प्रति सभी सतर्क रहें और विशेषकर स्कूली छात्र-छात्राएं अपने परिवार व समाज को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक करें।

उक्त विचार नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शनिवार को आनंद कालोनी स्थित नवीन कन्या स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरुकता शिविर के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर श्री झारिया ने बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरक बातें भी समझाई।

कार्यक्रम में उपस्थित उपायुक्त निशिकांत शुक्ला ने कहा कि गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। इसलिए साफ-सफाई का जीवन में खासा महत्व है। चूंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचार उत्पन्न होते हैं। इसलिए हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप खुद जागरुक होने के साथ ही अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरुक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाहरी सफाई के साथ ही मन की सफाई भी काफी जरूरी है। इसलिए अपने परिवार के अलावा समाज के भी कल्याण की कामना करें। तभी समाज व देश में खुशहाली व स्वच्छता फैलेगी।

2×15

# स्वच्छता में सहयोग भी देशभक्त–जनसेवा : सोंलकी




रतलाम । महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के

**▸ स्वच्छता के तहत आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने लिया हिस्सा**

लिए कार्य करें। स्वच्छता कार्य में सहयोग करना भी देशभक्ति और जनसेवा से जुड़ा काम है। अगर हर नागरिक विशेषकर युवा स्वच्छता में भागीदारी निभाएगें तो रतलाम स्वच्छ के साथ ही स्वस्थ्य भी रहेगा।

उक्त विचार नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोंलकी ने रविवार को डीआरपी लाईन में आयोजित 'स्वच्छता संकल्प देश का' विषय के कार्यक्रम में कहे। श्री सोंलकी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिकों की सहभागिता से अधिक–से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है इसलिए स्वच्छ रतलाम शहर के निर्माण यह सही समय एवं अवसर है। इस मौके पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एम.के जैन, स्वच्छता निरीक्षक किरण चौहान, पर्वत हाड़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी, वनिता सिंधु और श्रीमती बरखा ने भी संबोधित कर रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर–1 बनाने का संकल्प उपस्थित युवाओं को दिलाया।

## स्वच्छता सुपर स्टार सम्मानित हुए

स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के तहत आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा स्वच्छता सुपर स्टारों को सम्मानित किया गया। जिनमें विनिता बोरासी, जयश्री झवेरिया, दिव्या, रानी सेन, गायत्री खण्डेलवाल, पप्पूजी निसाद को सम्मान के रुप में इन्हे शील्ड व प्रमाणपत्र अतिथियों ने भेंट किए गए। रविवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रंगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है।



नवभारत – 15